अनुक्रमांक  नाम  **B/417**

**8/5MI**

वार्षिक परीक्षा

# सामाजिक विषय

समय- 2½ घण्टे  **कक्षा-8**  पूर्णांक: 100

नोट- इस प्रश्न-पत्र में तीन खण्ड हैं। प्रत्येक खण्ड से जितने प्रश्न करने हैं उनके सामने अंकित हैं। प्रश्न संख्या 1, 2 व 3 अनिवार्य हैं।

1. भारत के मानचित्र में निम्न को दर्शाइए- 10
   (क) हिमालय पर्वत तथा कावेरी नदी
   (ख) चाय उत्पादन तथा लोहा खनन का एक-एक क्षेत्र
   (ग) इलाहाबाद तथा हैदराबाद नगर
   (घ) 71% साक्षरता का एक क्षेत्र तथा हीराकुड जल शक्ति केन्द्र
   (ङ) दिल्ली से मुम्बई तक का रेलमार्ग मध्य में दो प्रमुख रेलवे स्टेशनों सहित।

2. निम्न खण्डों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए- 10
   (क) लोहा कितने प्रकार का होता है -
   (i) दो (ii) तीन (iii) चार (iv) अनेक।
   (ख) रूस के घास के मैदानों को कहते हैं -
   (i) लानोज (ii) स्टैपी
   (iii) प्रेयरी प्रदेश (iv) इनमें से कोई नहीं
   (ग) मैकाले भारतीयों को किस माध्यम से शिक्षा देना चाहता था-
   (i) हिन्दी (ii) अंग्रेजी (iii) उर्दू (iv) जर्मनी।
   (घ) बंगाल का विभाजन किसने किया -
   (i) लार्ड क्लाइब ने (ii) डलहौजी ने
   (iii) लार्ड कर्जन ने (iv) इनमें से कोई नहीं।
   (ङ) महासभा में कितनी भाषाओं में काम किया जाता है -
   (i) दो (ii) चार (iii) छः (iv) अनेक।

3. निम्न कथनों में सत्य/असत्य कथन छाँटकर लिखिए - 10
   (क) चकबन्दी में किसानों के खेत अलग-अलग बिखेर दिये जाते हैं।
   (ख) अंग्रेजों और मराठों के बीच एक युद्ध हुआ।
   (ग) व्यापारिक कम्पनियों का अर्थ है व्यापार में कई लोगों की हिस्सेदारी।

(पृष्ठ पलटिए)



   (घ) औद्योगिक नगरों तथा महानगरों में अधिक जनसंख्या रहती है।
   (ङ) विकलांगों को दया नहीं सहानुभूति चाहिए।

**खण्ड (क) कोई पाँच प्रश्न कीजिए-** 20

4. सीमेण्ट उत्पादन देश के तीन प्रदेशों के नाम बताइए।
5. टैगा प्रदेश में कृषि क्यों नहीं होती है ?
6. मानसूनी एशिया के देशों के नाम लिखिए।
7. विदेशी कम्पनियों ने व्यापार में लाभ के लिए कौन-कौन से तरीके अपनाये ?
8. डॉडी यात्रा किसने और क्यों की थी ?
9. 1935 ई० अधिनियम के अन्तर्गत प्रान्तों की सरकार क्यों गठित की गई ?
10. स्टीफन हाकिंग कौन थे ?

**खण्ड (ख) कोई पाँच प्रश्न कीजिए-** 30

11. सड़क परिवहन की विशेषताएँ बताइए।
12. जनसंख्या के वितरण में अन्तर क्यों पाया जाता है ?
13. भूमध्य सागरीय प्रदेशों में जाड़ों में बर्षा क्यों होती है ?
14. पिट का इण्डिया एक्ट क्यों महत्वपूर्ण है ? यह भारत के किस गवर्नर जनरल की शक्ति को कैसे मजबूत करता है ?
15. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना कब और क्यों हुई ?
16. असहयोग आन्दोलन के विषय में लिखिए।
17. विकलांगता से बचने के उपाय लिखिए।

**खण्ड (ग) केवल दो प्रश्न कीजिए। प्रश्न 20 अनिवार्य है।** 20

18. भारत का विदेशी व्यापार मुख्य रूप से किन साधनों द्वारा होता है और क्यों ?
19. स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में कौन-कौन सी तत्कालीन समस्याऐं थीं ? इनका समाधान किस प्रकार किया गया ?
20. निम्न में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-
   (क) लोकतन्त्र का चौथा आवश्यक आधार स्तम्भ ........... है।
   (ख) भारतीय सेनाओं का सर्वोच्च कमाण्डर ........... होता है।
   (ग) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में ........ स्थायी सदस्य होते हैं।
   (घ) नागरिक सुरक्षा संगठन प्राकृतिक आपदाओं के समय ..... कार्य में सहयोग करता है।
   (ङ) सुधा चन्द्रन भारत की एक प्रसिद्ध ........ एवं ........ हैं।